# CUET PG 2026 Yoga Question Paper

| **Time Allowed :**1 Hour 30 Minutes | **Maximum Marks :**300 | **Total Questions :**75 |
|---|---|---|

**General Instructions**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. कैलकुलेटर का उपयोग वर्जित है।
3. प्रश्नों के दाईं ओर दिए गए अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों (प्रश्न संख्या 1(ए)) के मामले में केवल पहले प्रयास का मूल्यांकन किया जाएगा और उसी के लिए अंक दिए जाएंगे।
5. प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के लिए, उपप्रश्न संख्या सहित सही विकल्प (A), (B), (C) या (D) को उत्तर के रूप में लिखना है।
   उदाहरण के लिए: (i) (A), (ii) (B), (iii) (C)
6. जहां भी आवश्यक हो, वैज्ञानिक रूप से सही और लेबलयुक्त आरेख बनाए जाने चाहिए।

**1. 20 जून 2025 को, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आधिकारिक तौर पर भारत के पहले स्वदेशी रूप से निर्मित लोकोमोटिव को, किस देश को निर्यात करने हेतु हरी झंडी दिखाई ?**

(A) गिनी गणराज्य
(B) चीन के गणराज्य
(C) स्पेन
(D) मंगोलिया

---

**2. निम्नलिखित में से किस देश ने जून 2025 में, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (International Big Cat Alliance) की पहली सभा की मेजबानी की ?**

(A) इंडोनेशिया
(B) जर्मनी
(C) इटली
(D) भारत

---

**3. जुलाई 2025 में, किस संस्थान ने आंध्र प्रदेश के अमरावती में भारत के पहले AI प्लस कैंपस (AI Plus Campus) की घोषणा की ?**

(A) IIT मद्रास
(B) NIT वारंगल
(C) BITS पिलानी
(D) IIIT हैदराबाद

**4. 2025 में, किस कंपनी ने विरासत जल निकायों के जीर्णोद्धार के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के साथ साझेदारी की है ?**

(A) डाबर (Dabur)
(B) नेस्ले (Nestle)
(C) पेप्सी (Pepsi)
(D) बिसलेरी (Bisleri)

---

**5. एशियाई खेल 2025 में भाला फेंक में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी ?**

(A) शालिनी शर्मा
(B) अन्नू रानी
(C) कमलप्रीत कौर
(D) सीमा अंतिल

---

**6. जंतुओं के संयोजी ऊतकों में, वसा कोशिकाएं लोब्यूल्स में व्यवस्थित होती हैं, जो _______________ के विभाजन द्वारा पृथक होती हैं।**

(A) कोलेजन और इलास्टिन तंतु (collagen and elastin fibres)
(B) पीत तंतु और लसीका (yellow fibres and lymph)
(C) कंकाल तंतु और कंडरा (skeletal fibres and tendons)
(D) रेटिकुलर तंतु और प्लाज्मा (reticular fibres and plasma)

---

**7. कौन-सा ग्रुप गुजरात के जामनगर में वन्यजीव संरक्षण, बचाव और पुनर्वास की अनूठी पहल 'वंतारा' का स्वामित्व और सहयोग करता है, जिसका उद्घाटन मार्च 2025 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया ?**

(A) वाडिया ग्रुप (Wadia Group)
(B) रिलायंस ग्रुप (Reliance Group)
(C) टाटा ग्रुप (Tata Group)
(D) डालमिया ग्रुप (Dalmia Group)

---

**8. मई 2025 में, छह अफ्रीकी देशों ने काला अजार से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। काला अजार से क्या तात्पर्य है ?**

(A) मच्छरों द्वारा संचरित एक प्रकार का विषाणु ज्वर
(B) लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करने वाला एक आनुवंशिक विकार
(C) सैंडफ्लाई के काटने से होने वाला एक परजीवी रोग
(D) दूषित जल से फैलने वाला एक जीवाणु संक्रमण

---

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा, रासायनिक ऊर्जा के उष्मा ऊर्जा में रूपांतरण का सर्वोत्तम उदाहरण है ?**
(A) विद्युत से चलने वाली मोटर
(B) सौर कुकर से भोजन गर्म करना
(C) बैटरी द्वारा बल्ब जलाना
(D) लकड़ी का जलना

---

**10. निम्नलिखित में से किस महीने में, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) संस्थानों ने जमीन-आधारित अंतरिक्ष स्थितिसंबंधी जागरूकता को बढ़ाने के लिए साझेदारी की ?**
(A) मई 2025
(B) मार्च 2025
(C) फरवरी 2025
(D) जून 2025

---

**11. विश्व बैंक भूमि सम्मेलन 2025 में, किस देश को ग्रामीण भूमि प्रशासन में परिवर्तनकारी कार्य के लिए 'कंट्री चैंपियन' (Country Champion) के रूप में सम्मानित किया गया ?**
(A) बर्मा
(B) जापान
(C) भारत
(D) चीन

---

**12. आर्थिक सर्वेक्षण, 2024-25 के अनुसार, संधारणीय जीवन शैली (sustainable lifestyles) को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा संचालित वैश्विक आंदोलन को क्या कहा जाता है ?**
(A) अर्थ फर्स्ट (Earth First)
(B) गो ग्रीन (Go Green)
(C) लाइफ (LiFE)
(D) स्वच्छ लाइफ (Swachh Life)

---

**13. भारत की संसद द्वारा मणिपुर विनियोग विधेयक किस वर्ष पारित किया गया ?**
(A) 2022
(B) 2025
(C) 2023
(D) 2024

---

**14. इसरो प्रमुख वी. नारायणन को 2025 में कोलकाता में कौन-सा सम्मान प्राप्त हुआ ?**
(A) पद्म श्री
(B) भारत रत्न

(C) राममोहन मिशन पुरस्कार
(D) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार

---

**15. एक पौधे को उखाड़कर धूप में छोड़ दिया गया। कुछ घंटों बाद, पौधा मुरझाया हुआ और कमजोर दिख रहा था। इसका सबसे संभावित कारण क्या हो सकता है ?**
(A) जाइलम के माध्यम से भोजन स्थानांतरण अवरुद्ध हो गया
(B) जाइलम के माध्यम से जल चालन प्रारंभ हो गया
(C) फ्लोएम के माध्यम से भोजन स्थानांतरण प्रारंभ हो गया
(D) जाइलम के माध्यम से जल चालन अवरुद्ध हो गया

---

**16. कार्बन का वह विशिष्ट लक्षण क्या है, जो इसके अधिक संख्या में कार्बनिक यौगिकों के निर्माण का कारण बनता है ?**
(A) केवल चतु :संयोजकता
(B) केवल श्रृंखलन
(C) विलेयता
(D) चतु :संयोजकता (tetravalency) और श्रृंखलन दोनों

---

**17. अयस्क से अपशिष्ट (gangue) को हटाने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएँ, अपशिष्ट और अयस्क के किन गुणों के बीच अंतर पर आधारित हैं ?**
(A) केवल भौतिक
(B) रासायनिक या भौतिक
(C) केवल रासायनिक
(D) अपवर्तनांक (Refractive index)

---

**18. फरवरी 2025 में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी 2024 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) में भारत के पड़ोसियों में से निम्नलिखित में से किस देश की रैंकिंग भारत से बेहतर है ?**
(A) बांग्लादेश
(B) पाकिस्तान
(C) श्रीलंका
(D) चीन

---

**19. उत्तल लेंस को अभिसारी लेंस भी कहा जाता है, क्योंकि _______________**
(A) यह समानांतर किरणों को एक बिंदु पर केंद्रित करता है
(B) यह प्रकाश किरणों को बिल्कुल भी वक्रित नहीं करता है
(C) यह सदैव आभासी प्रतिबिंब बनाता है
(D) यह प्रकाश किरणों को एक दूसरे से दूर अपसारित करता है

---

**20. सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल को निर्जलीकरण कारक माना जा सकता है क्योंकि यह निम्नलिखित में से ___________ से जल को हटाता है।**

(A) प्रोपेन

(B) सोडियम हाइड्रॉक्साइड

(C) अमोनिया गैस

(D) ग्लूकोज

---